5th class Vyakaran Ch.1 Ques.Ans.

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए__

क) **भाषा के कितने कौशल हैं ? नाम लिखिए।**

उत्तर- भाषा के चार कौशल हैं:- लिखना, पढ़ना , बोलना और सुनना ।

ख) **भारतीय संविधान में मान्यता प्राप्त भाषाओं की संख्या कितनी है ?**

उत्तर- भारतीय संविधान में मान्यता प्राप्त भाषाओं की संख्या बाईस है ।

ग) **व्याकरण किसे कहते हैं?**

उत्तर- जिस शास्त्र से हमें वर्णो, शब्दों और वाक्यों के शुद्ध प्रयोग की जानकारी मिलती है, उसे व्याकरण कहते हैं।

घ) **बोली और भाषा में अंतर बताइए।**

उत्तर- भाषा भावों तथा विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम है जबकि भाषा के जिस रूप को क्षेत्रीय स्तर पर बोला जाता है, उसे बोली कहते हैं ।